दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 179 मुरादाबाद, 18 October 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## चतुर्थ नवरात्री

## कूष्माण्डा

सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तुमे।।



माता दुर्गा के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्माण्डा पड़ा। नवरात्रों में चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहज चक्र में स्थित होता है। अतः पवित्र मन से पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। मां की उपासना मनुष्य को स्वाभाविक रूप से भवसागर से पार उतारने के लिए सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माता कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधिव्याधियों से विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाती है। अतः अपनी लौकिक, परलौकिक उन्नति चाहने वालों को कूष्माण्डा की उपासना में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## यूपी में बजट की तैयारी शुरू: अफसरों को सख्त निर्देश, आंकड़ों में न हो गलती, नई योजनाओं को लेकर ये है प्लान

यूपी में बजट की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सरकार ने नई योजनाओं को लेकर निर्देश दिए हैं।उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए बजट की तैयारी शुरू कर दी है। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को वित्तमंत्री के बजट भाषण के लिए बजट सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।नवरात्र के साथ वित्त वर्ष 2024-25 के बजट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वित्त विभाग ने बजट अनुमान तैयार करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार के वार्षिक आय-व्यय अनुमान प्रदेश की विधायिका के सामने वित्त मंत्री प्रस्तुत करते हैं।

# 'दुनिया नई आकांक्षाओं के साथ भारत की ओर देख रही', वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन में बोले PM मोदी






सोनोवाल ने कहा कि वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन 2023 का यह तीसरा संस्करण है। इससे पहले यह 2016 और 2021 में भी आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन (जीएमआईएस) के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने शिखर सम्मेलन में सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज एक नई विश्व व्यवस्था आकार ले रही है और इस बदलती विश्व व्यवस्था में दुनिया नई आकांक्षाओं के साथ भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, %ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के तीसरे संस्करण में मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले जब हम 2021 में मिले थे, तब पूरी दुनिया कोरोना की अनिश्चितता से घिरी हुई थी। तब कोई नहीं जानता था कि कोरोना के बाद का विश्व कैसा होगा। लेकिन आज दुनिया में एक नया वर्ल्ड ऑर्डर आकार ले रहा है।% पीएम मोदी ने गुजरात के दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में 4500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले 'टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल' की आधारशिला भी रखी। कार्यक्रम के दौरान समुद्री क्षेत्र में वैश्विक और राष्ट्रीय साझेदारी के लिए सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के 300 से अधिक समझौता ज्ञापन को भी पेश किया। उन्होंने कहा कि निवेशकों के पास देश के साथ साझेदारी करने और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) का हिस्सा बनने का अवसर है। उन्होंने कहा, इस बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में पूरा विश्व भारत की ओर नई आकांक्षाओं से देख रहा है। आर्थिक संकट से घिरी हुई दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की टॉप-3 आर्थिक शक्तियां में से एक होगा।% प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि भारत की मैरीटाइम क्षमता मजबूत रही है। देश और दुनिया को इससे बहुत लाभ हुआ है। इसी सोच के साथ बीते नौ वर्षों से इस सेक्टर को सशक्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत की पहल पर एक ऐसा कदम उठाया गया है, जो 21वीं सदी में दुनिया भर की मैरीटाइम इंडस्ट्री के कायाकल्प का सामर्थ्य रखता है। जी-20 समिट के दौरान इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर ऐतिहासिक सहमति बनी है। सैकड़ों वर्ष पहले सिल्क रूट ने वैश्विक व्यापार को गति दी थी, ये दुनिया के कई देशों के विकास का आधार बना था। अब ये ऐतिहासिक कॉरिडोर भी क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा उन्होंने कहा कि आज का भारत अगले 25 वर्षों में विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। हम हर सेक्टर में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं। हमने मेरीटाइम इंफ्रास्ट्रक्चर के पूरे इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया है। पोर्ट कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए हमने हजारों किलोमीटर की नई सड़कें बनाई हैं। सागरमाला परियोजना से भी हमारे तटीय क्षेत्र का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। ये सारे प्रयास रोजगार सृजन और इज ऑफ लिविंग को कई गुना बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, %आज का भारत अगले 25 वर्षों में विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। हम हर सेक्टर में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं। हमने मेरीटाइम इंफ्रास्ट्रक्चर के पूरे इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया है।% पीएम ने कहा कि मैरीटाइम टूरिज्म को बढ़ाने के लिए विश्व की सबसे बड़ी रिवर क्रूज सर्विस की शुरुआत भी की है। भारत अपने अलग अलग बंदरगाहों पर इससे जुड़े कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। इससे पहले, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि मुंबई में शुरू होने वाले शिखर सम्मेलन में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश और 300 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। सोनोवाल ने कहा कि वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन 2023 का यह तीसरा संस्करण है। इससे पहले यह 2016 और 2021 में भी आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से भारत निश्चित रूप से आने वाले समय में एक अग्रणी समुद्री राष्ट्र बनने जा रहा है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय में जो प्रगति हासिल की गई है, वो पीएम मोदी के मार्गदर्शन से ही संभव हो सका है। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने आगे कहा कि 50 से अधिक देश भाग लेने जा रहे हैं और उम्मीद है कि लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और 300 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा उन्हें लगता है कि बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग क्षेत्र में यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में भारत प्रमुख भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री विभिन्न चर्चाओं में इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इनके अलावा, विभिन्न देशों की प्रमुख समुद्री कंपनियों के सीईओ भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत कुछ ही समय में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इस दिशा को आगे बढ़ाने के लिए हमारा तीन दिवसीय वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन आज से मुंबई में शुरू हो रहा है।

## 'भाजपा चाहती है हर फैसला दिल्ली में हो, हम इसके खिलाफ', राहुल गांधी ने सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता ने कहा कि वह मिजोरम के लोगों को संदेश देना चाहते हैं, वो बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी के पास एक कार्यक्रम है, एक रिकॉर्ड है। बाकी दोनों पार्टियां जेडपीएम और एमएनएफ भाजपा और आरएसएस के राज्य में प्रवेश करने के लिए हथियार हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मिजोरम के आइजोल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अधिकतर भाजपा नेताओं के बच्चे वंशवादी हैं। अमित शाह का बेटा तो क्रिकेट चला रहा है। वहीं, उन्होंने कहा कि वह विकेंद्रीकरण चाहते हैं, लेकिन भाजपा इसके खिलाफ है। राहुल गांधी ने पत्रकारों से पूछा कि अमित शाह, राजनाथ सिंह जैसे तमाम भाजपा नेताओं के बच्चे क्या कर रहे हैं? आखिरी बार सुना था कि अमित शाह का बेटा भारतीय क्रिकेट चला रहा है। उन्होंने कहा, 'अनुराग ठाकुर जैसे तमाम भाजपा के बच्चे वंशवादी हैं।'कांग्रेस नेता ने कहा कि वह मिजोरम के लोगों को संदेश देना चाहते हैं, वो बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी के पास एक कार्यक्रम है, एक रिकॉर्ड है। बाकी दोनों पार्टियां जेडपीएम और एमएनएफ भाजपा और आरएसएस के राज्य में प्रवेश करने के लिए हथियार हैं। उन्होंने कहा, 'जब हम संस्कृति, धर्म पर हमले की बात करते हैं, तो उस हमले के साधन भाजपा-आरएसएस और वे दल हैं जो उन्हें राज्य में प्रवेश करने की अनुमति देते हैं।' राहुल गांधी ने आइजोल में कहा कि इंडिया गठबंधन देश के 60 फीसदी हिस्से का प्रतिनिधित्व कर रहा है। गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और स्वतंत्रता की रक्षा करके भारत के विचार की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा आपकी मान्यताओं की नींव के लिए खतरा है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'हम विकेंद्रीकरण में विश्वास करते हैं। जबकि भाजपा का मानना है कि सभी फैसले दिल्ली में होने चाहिए। वहीं, आरएसएस का मानना है कि भारत को एक विचारधारा, संगठन द्वारा शासित होना चाहिए। इसका हम विरोध कर रहे हैं।'



## कांग्रेस के वचन पत्र पर शिवराज का तंज, कहा- महाझूठ पत्र जारी हो गया

कांग्रेस के वचन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नेनिशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस के इस भ्रम में नहीं आने वाली है। कांग्रेस की सच्चाई जनता जानती है। पांच साल पहले भी कांग्रेस ने सैकड़ों वचन दिए थे जिसमें से एक भी पूरा नहीं हुआ।विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस की ओर से जारी किए गए वचन पत्र को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाझूठा पत्र बताया है। उन्होंने आज कांग्रेस के वचन पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस का यह वचन पत्र नहीं, यह महाझूठ पत्र है। पांच साल पहले भी कांग्रेस ने 900 से ज्यादा वचन दिए थे जिसमें से 9 भी पूरे नहीं किए। आज तक लोग तरस रहे हैं। हम पूछना चाहते हैं नौजवानों को 4000 बेरोजगारी भत्ता कब मिलेगा। समर्थन मूल्य पर बोनस कब मिलेगा। समूहों का कर्जा कब माफ होगा।एक नहीं अनेकों वचन दिए थे कांग्रेस ने जो सारे के सारे झूठे निकले। आज एक बार इन्होंने फिर महाझूठ पत्र प्रस्तुत कर दिया। इस झूठ पर जनता भरोसा करने वाली नहीं है, क्योंकि जनता जानती है भाजपा जो कहती है वो पूरा करती है जो नहीं कहती उसे भी पूरा करती है। लाड़ली बहना योजना दृष्टि पत्र में नहीं थी लेकिन हमने इसे लागू किया। कांग्रेस की सच्चाई जनता जानती है, भ्रम में आने वाली नहीं है। यही है कांग्रेस का असली चेहरा - कमलनाथ के वीडियो पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पूर्व मुख्यमंत्री दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री के लिए कह रहा है जाओ उनके कपड़े फाड़ो, उनके बेटे के कपड़े फाड़ो। ये कांग्रेस का असली स्वरूप है और कांग्रेस कितनी है मुझे ये भी नहीं समझ आता। कांग्रेस के टिकट कहां तय हो रहे हैं। अभी ये भी कहा गया कि छिंदवाड़ा के टिकट पर नकुलनाथ घोषित करेंगे और नकुलनाथ के घोषित करने के बाद फिर दिल्ली से घोषित होंगे और दो टिकट उन्होंने घोषित भी कर दिए। क्या सोनिया गांधी जी की कांग्रेस अलग है। कमलनाथ जी की कांग्रेस अलग है। नकुलनाथ की कांग्रेस अलग है। कांग्रेस कितनी है।कांग्रेस किसकी है और कांग्रेस क्या है ये जनता जानना चाहती है।



## सुप्रीम कोर्ट ने Same Se& Marriage को मान्यता देने से किया इनकार, याचिकाकर्ता ने कहा -आगे भी लड़ते रहेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया है। दरअसल कोर्ट में पांच जजों की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 जजों की बेंच ने इस मामले में 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर याचिकाकर्ताओं ने अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया है। दरअसल, कोर्ट में पांच जजों की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही थी, जिसके बाद 3-2 पर जाकर फैसला अटक गया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 जजों की बेंच ने इस मामले में 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर याचिकाकर्ताओं ने अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है। आगे भी लड़ते रहेंगे याचिकाकर्ताओं में से एक कार्यकर्ता अंजलि गोपालन का कहना है, हम लंबे समय से लड़ रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। गोद लेने के संबंध में भी कुछ नहीं किया गया, गोद लेने के संबंध में सीजेआई ने जो कहा वह बहुत अच्छा था लेकिन यह निराशाजनक है कि अन्य न्यायाधीश सहमत नहीं हुए। यह लोकतंत्र है, लेकिन हम अपने ही नागरिकों को बुनियादी अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। कई टिप्पणियां हमारे पक्ष में" LGBTQIA+ अधिकार कार्यकर्ता हरीश अय्यर ने कहा, हालांकि अंत में, फैसला हमारे पक्ष में नहीं था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई कई टिप्पणियां हमारे पक्ष में थीं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी भी केंद्र सरकार पर डाल दी है और केंद्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल ने हमारे खिलाफ बहुत सारी बातें कही हैं। उन्होंने कहा, इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी चुनी हुई सरकार, सांसदों और विधायकों के पास जाएं और उन्हें बताएं कि हम दो लोगों की तरह अलग हैं। लड़ाई चल रही है, इसमें कुछ समय लग सकता है, लेकिन हमें सामाजिक समानता मिलेगी विवाह समानता मामले में कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गीता लूथरा ने कहा, भले ही विवाह का अधिकार नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा है कि अधिकारों दूसरे विवाह में जोड़े को जो भी अधिकार मिलते हैं, वहीं अधिकार समलैंगिक जोड़ों को भी मिलन चाहिए। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदीश अग्रवाला ने कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं, जहां उन्होंने समलैंगिक विवाह की इजाजत नहीं दी है। वकील करुणा नंदी ने कहा, आज कुछ ऐसे मौके थे, जहां कोर्ट ने कई फैसले केंद्र पर छोड़ दिए हैं और समलैंगिक विवाह को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। मैं यह भी कहूंगी कि कांग्रेस और राज्यों में सत्ता में मौजूद अन्य सरकारों के पास चिकित्सा निर्णय लेने के लिए साझेदार के अधिकारों की मान्यता को कानून में लाने के कई अवसर हैं, क्योंकि वे स्वास्थ्य पर कानून बना सकते हैं, वे रोजगार को बिना भेदभाव के देख सकते हैं। बहुत कुछ किया जा सकता है।



# संपादकीय Editorial

## Psychological survey of teachers

Another survey will be conducted in Bihar. It will be completely separate from political or ethnic and will study the mental health and stress of teachers. More than 4 lakh teachers are teaching in government schools in the poorest and most backward state. One hallmark of his teaching is enough, which is also his helplessness. Many teachers are facing the brunt of such teaching in many schools that four teachers have to teach simultaneously on two black boards in the same class room. Half the students in the class study looking at one side, while the other half face the opposite direction. Four teachers are teaching, so obviously their subjects will also be different! Teachers are also forced to teach students by writing different things on a black board. Not only the teachers but also the students should face mental stress. What a big confusion it is for them that they have to study subjects like Mathematics, Science, Hindi, English etc. simultaneously! Can a small child read and understand many subjects simultaneously? This technical psychology should also be surveyed. We have seen many such reports on teachers and government schools of Bihar. When asked, the teachers' explanation that our students are brilliant is also a surprise. Have become accustomed to studying several subjects simultaneously. Which wonder of the world is this? However, at the end of this month, a survey is to be conducted based on mental stress, mental state and average mental health of government school teachers.

Arguments are being made that the average teacher is a victim of deep mental stress, hence he is unable to complete his syllabus on time. In the complaints received by the government, there has been talk of tension and frustration at school as well as at home. Finally, a decision has been taken to conduct a mental survey of teachers. The responsibility of the survey has been entrusted to the State Council of Educational Research and Training. There are also complaints that the sense of absenteeism among teachers is increasing, due to which students are being directly affected. In fact, government school teachers do not have the responsibility of teaching. They also face challenges and constant pressure of non-teaching work. For example, they have to perform duty during elections. Teachers were also included in the caste survey conducted in Bihar. 'Midday meal' in schools is a multi-layered and regular scheme. It is mandatory to serve food to children. Teachers also have to look after its management. How can an average teacher perform his basic duties by working at so many levels? How much honesty will there be in his work? Teachers have a great responsibility to train the youth and younger generation of the country through their experience and knowledge and ensure their mental nourishment. Bihar has been unmatched in the world in the field of education. It has its own ancient heritage and heritage. If we talk about Chief Minister Nitish Kumar, in 2006 he had started the scheme of giving bicycles to girl students from class 9th to 12th, as a result, the admission of girls in schools increased by about 30 percent. Girls used to go to school by bicycle. Even if four teachers are teaching different subjects together in the same class, Nitish Kumar is still the Chief Minister. Actually, it is a question of the seriousness of the system and the government, how serious and primary is it towards education? It is also a reality that only those students who are socially and economically weak and backward come to government schools. It is mandatory for them that those students attend school regularly and get better education. The role of teachers is unique in this context.

# His editorials emerged as a living thought.

It is recorded in the book 'The Power Elite' by M.C. Wright Mills in 1956 - If an ordinary woman or man lives in an ordinary environment, then only that person is ahead who has the courage to do something with discretion. Ramesh Chandra was born, brought up and grew up in a normal environment. Father Lala Jagat Narayan was engaged in the struggle to achieve independence. The British police kept looking for excuses to harass the family. In such a situation, only a simple, balanced, civilized and courageous person like Ramesh Chandra could present the philosophy of the art of living before the society. It was his nature to speak very softly and sweetly whatever he said. Once a big journalist had also said that the words of Ramesh Chandra felt like being dipped in honey. After independence, the family came to Jalandhar and started living. In those days Jalandhar was made the capital of Punjab. The media sees a bright future in the city where its capital is located. Jalandhar was also chosen by the print media because it was convenient to send newspapers from here to Jammu-Kashmir, Himachal Pradesh and other states. In those days, only Urdu newspapers used to convey the voice of society and government to the people. Ramesh Chandra was one of the best Urdu journalists. Once he even got a job in Times of India, Mumbai. This shows that he had shown his discretion in English journalism also. He did not work there. The reason given for this was that his father's political activities had increased a lot and his newspaper needed an expert journalist. Ramesh ji took over the newspaper. The society liked his meaningful writings very much. Ramesh ji was considered a saint in white clothes. His editorials emerged as a living thought in the print media. He used to write everything seriously in the editorial. Ramesh ji loved Urdu poetry. He often used to say, 'I made someone fall, threw myself up, and slowly completed the journey of life. Where people reached by leaps and bounds, we also reached there but slowly. The circle of people close to Rameshchandra was very large. There was never any difference between high and low, rich and poor and caste in his heart. Ramesh ji's external form was that of a city councilor, MLA and successful journalist, but his internal form was that of a Karmayogi who knew how to walk on the path of spiritual practice. Every moment of his life was dedicated to work. Ramesh ji had to drink many bitter sips in life. The courage with which he kept the lamp of peace and non-violence lit during those dark times for three years after his father's martyrdom will always be remembered. He often used to say, if there were newspapers then there would be no harm to the country. If there is no unity and brotherhood in the country then the entire humanity will suffer. Journalism and democracy go hand in hand. During the Emergency in 1975, the censors lost people's trust in newspapers, which should not have happened. I remember Ramesh ji a lot on his birthday, 24th December. Ramesh ji was born in 1926 and was murdered on 12 May 1984. Ramesh ji's elder son Ashwini Kumar is the editor of Punjab Kesari Delhi and MP from Karnal. The younger son is Arvind Chopra who formed the Ramesh Chandra Memorial Society for Sports in the memory of Ramesh ji a few years ago. The then Prime Minister Atal Bihari Vajpayee had come to Jalandhar to inaugurate the hockey nursery. Ramesh ji also visited jail during the Quit India Movement of 1942. He also had memories of the times of struggle and efforts of Indian leaders which brought independence closer. He had gone on foot via Pahalgam on Baba Amarnath Yatra. He liked the long journey very much. Spending a day in Radha Swami Dera Beas in 1981 led to his writing a serial article called 'Ocean of Shraddha'. When he went to Osho's Pune Ashram, he showed courage to express his disagreement on Osho's views. Many city residents still remember the moments spent with Ramesh Chandra ji.

# Dr. Satyavan Saurabh, a powerful creator of human contexts

As a result of his expertise in writing various subjects, especially editorials and couplets, he has been honored with many international and national awards and honors by various institutions. Titli Hai Khamosh (couplet collection), Kudrat Ki Peer (essay collection), Yaadein (ghazal collection), Pariyon Se Samvad (children's poetry collection) and Issues and Pains (English essay collection) are the major books of Dr. Saurabh. Along with this, he has enriched the creative context by writing, editing and publishing hundreds of booklets and souvenirs. The creator not only develops the creative context from the experiences acquired along with his environment and culture but also preserves it. This feeling and nature itself reflects the social concerns of a creator. Awakening these contexts within himself, Dr. Satyavan Saurabh, a poet, writer, independent journalist and educationist, resident of the cultural, historical and educational city of Haryana and Dhara Barwa village of Bhiwani-Hisar, is continuously active in his creative work. His writings and life inspire people so much that everyone is forced to think that adversity can be overcome with patience. Saurabh has been awarded hundreds of national level awards for his achievements.

The creator not only develops the creative context from the experiences acquired along with his environment and culture but also preserves it. This feeling and nature itself reflects the social concerns of a creator.

Awakening these contexts within himself, Dr. Satyavan Saurabh, a poet, writer, independent journalist and educationist, resident of the cultural, historical and educational city of Haryana and Dhara Barwa village of Bhiwani-Hisar, is continuously active in his creative work. Since school days, I have had the opportunity to see and understand their art, culture and literary thoughts, behaviour, working style and writing along with efficient planning and management. Dedicated to social harmony and coordination, Saurabh, with his equanimity and perspective, is continuously on a journey of creation by being alert and conscious towards his creative deeds and behaviour. During the period of government service, he developed the working style of taking along colleagues of all classes and in a stress-free environment and continuously preserved and promoted it in his behavior. That is why every person was impressed by his work and behavior and the path to move ahead was also paved.

Through his working behavior, he helped people of all classes in every possible way, became a partner in their problems and sufferings and remained dedicated to his work as per his natural nature, having full respect and affection for everyone, big or small. Considering the importance of work in life, you always considered work as the true worship. We considered the sentences "If the mind is healed then Ganga is in trouble" and "If the son is poor then why accumulation of wealth, if son is poor then why accumulation of wealth" we should consider as the aim of life. Not only are you constantly creative, while writing about talented and expert people, women, children etc. from all sectors of the society, you always keep in mind the feeling of encouraging and motivating them. Dr. Saurabh, who considers the energy gained from writing as the main reason for always having an alive heart, selflessly considers writing as his worship, religion and duty. Since school days, he has been writing on various subjects like art, culture, archaeology, history, tourism, development of all fields, child marriage, eradication of social evils, environment protection, water conservation, drug de-addiction, cleanliness, blood donation, disabled welfare etc. Thousands of articles, features, reportages, success stories, interviews, children's articles and children's articles on various topics like social concerns and development of mother tongue Hindi, folk festivals, folk pilgrimages, folk arts, folk deities, folk dances, folk songs, folk paintings, regional fairs etc.

The writers and creative people who write stories, couplets uninterrupted in simple and understandable language style have a strong signature in the literature and media world across the country. You have also established a distinct identity in writing as an editorial writer. Your writings on all genres are not limited to Haryana but have taken a wider form in the context of the country as well. Your articles and books, being factual, informative and research oriented, have proved useful for researchers. His works are continuously being published in thousands of government and non-government newspapers and magazines.

Your works have been published on priority basis in the newspapers of this period. During this period, his works on various subjects were published in abundance. His works have also been published for a long time in the Hindi-English bilingual weekly "Hum Hindustani" published from USA. His works are continuously being published in many newspapers of the country. Not only this, he has also got newspapers and magazines written, edited and published by departmental and other departments and institutions and books have also been written and published on a personal level. The result of this dedication and dedication was that you became established as a famous writer across the country.

Due to his writing on various subjects, especially editorials and couplets, he has been honored with many international and national awards and honors by various institutions. Titli Hai Khamosh (couplet collection), Kudrat Ki Peer (essay collection), Yaadein (ghazal collection), Pariyon Se Samvad (children's poetry collection) and Issues and Pains (English essay collection) are the major books of Dr. Saurabh. Along with these, hundreds of booklets and By writing, editing and publishing souvenirs, the creative context has been enriched. His writings and life inspire people so much that everyone is forced to think that adversity can be overcome with patience. Saurabh has been awarded hundreds of national level awards for his achievements. International Virtual Program by International British Academy and International Forum of Peace Academy and World Peace Federation, Bangladesh and Philippines on 19th March, 2022 organized by University and Museum of the Research and Wisdom, Dhaka and by Vikramshila Hindi Vidyapeeth, Bihar at Village Barwa, Young writer Satyawan 'Saurabh' from Siwani (Bhiwani) has been awarded an honorary doctorate for his incomparable continuous contribution in educational, literary, social and cultural work.

Saurabh is the first person from Haryana to be awarded the honorary doctorate degree by Britain, Bangladesh and Philippines, which is a special honor for Haryana and the whole of India. Such an equanimous and thoughtful writer, Dr. Satyavan Saurabh, was born on 03 March 1989 in village Barwa, Bhiwani, Haryana, as the eldest son in the family of father Shri Ramkumar Richpal Gaider and mother Kaushalya Devi. You are four brothers and sisters. Your marriage with Priyanka Saurabh took place in 2016. The environment of your early life was never encouraging, the circumstances always remained adverse. You started experiencing the atmosphere of enthusiasm in life 22 years after birth when you entered government service and while doing departmental work, obtained a master's degree in political science in 2019 and a Ph.D. Got registered for D. Ultimately, Dr. Satyavan Saurabh, who has immersed himself in creativity, is such a thoughtful writer who is continuously striving towards cultivating, flourishing and preserving the social and cultural contexts.

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, 20 दिन पहले ही दिल्ली से लौटा था



मुरादाबाद- बिलारी थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। गांव के बाहर जंगल में पेड़ की टहनी से लटके शव और जमीन के बीच की दूरी युवक की हत्या किये जाने की ओर इशारा कर रही है। बिलारी थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला है। युवक के पैर जमीन पर टिके हुए थे। घटना बिलारी थाना क्षेत्र में तुरखेड़ा गांव की है। मौके पर पहुंची पुलिस आत्महत्या की बात कह रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। 35 साल का उदयवीर दिल्ली में रहकर काम करता था। वह 20 दिन पहले ही गांव लौटा था। मंगलवार सुबह उसका शव गांव के बाहर जंगल में एक पतले पेड़ के सहारे बंधी रस्सी से लटकता हुआ मिला। उसके दोनों पैर जमीन पर टिके हुए थे। गांव वालों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस और परिजनों को जानकारी दी। मोके पर पहुंची पुलिस ने मौके से फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाकर मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या को लेकर भी परिजनों ने भी कोई वजह नहीं बताई है। मृतक के भाई मुन्ना लल ने पुलिस को दी गई तहरीर में भाई कि हत्या किए जाने की बात कही है।

# पदक जीतकर गृहणियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं रिंकी, अब ओलंपिक के लिए कर रही हैं तैयारी

मुरादाबाद- समाज में दहेज के लिए बेटियों को प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन, ऐसे भी परिवार हैं जो बहू को बेटी मानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। महानगर की रिंकी सैनी ने शादी के बाद पति और सास के प्रोत्साहन से अपने खेल को निखारा है। भारोत्तोलन खिलाड़ी रिंकी सैनी विश्वविद्यालय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर घरेलू महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। रिंकी एक कामयाब खिलाड़ी के साथ अच्छी पत्नी और एक जिम्मेदार मां हैं। वह अपनी कामयाबी का श्रेय सास और पति को देती हैं। लाइनपार गायत्री नगर निवासी भूप सिंह की दो बेटी रिंकी, कंचन और एक बेटा अमन है। रिंकी का बचपन से ही खेलों के प्रति रुझान था। उन्होंने अपनी पढ़ाई बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज से पूरी की है। कक्षा 10 में उन्होंने भारोत्तोलन खेलना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने बीए में रामपुर मिलक स्थित महादेव रामेश्वर डिग्री कॉलेज में प्रवेश लिया। जहां उन्होंने भारोत्तोलन को ही अपना जीवन बनाने का मन बनाया। उन्होंने कोच सर्वेश सिंह की देखरेख में अभ्यास करना शुरू किया। इसी दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर गोल्ड जीता। लेकिन, इसके बाद पिता ने रिंकी की शादी 1 मई 2019 में सूर्यनगर निवासी सनी सिंह के साथ कर दी। जिसके बाद वह खेल से दूर हो गई। लेकिन, मन में कहीं न कहीं उनके खेलने की इच्छा दबी रह गई। शादी के एक साल बाद उन्होंने बेटी तानिया को जन्म दिया। जिसके बाद मां की जिम्मेदारी ने रिंकी के अंदर के खिलाड़ी को दबाने के लिए मजबूर कर दिया। अब सिर्फ रिंकी की जिंदगी बेटी और पति तक सीमित होकर रह गई। लेकिन, पति सनी बिना रिंकी के कुछ कहे उन्हें दोबारा खेलने के लिए कोच सर्वेश सिंह के यहां ले गए। साथ ही सास उमा ने रिंकी को दोबारा खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।



जिसके बाद रिंकी ने दोबारा खेलने शुरू किया। बेटी की पूरी जिम्मेदारी सास उमा और पति सनी ने उठाई। जिसके बाद रिंकी ने आगरा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य और नेशनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

### पति और सास ही मेरा आदर्श

रिंकी सैनी का कहना है कि आज के दौर में जहां बेटियों को शादी के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। लेकिन, पति सनी और सास उमा मेरे लिए आदर्श हैं। इन दोनों की मेहनत और त्याग का परिणाम है कि आज मैं अपने खेल को जारी रख पाई हूं। मैं ओलंपिक में पदक जीतकर अपने पति और सास का मान बढ़ाना चाहती हूं। रिंकी कहती हैं कि लोगों को अपनी बहुओं की इच्छा को जानना चाहिए और वह जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती है उसे प्रोत्साहित करें। बहुएं भी बेटों से कम नहीं है। बस जरूरत हैं उन्हें सपोर्ट करने की। हर परिवार अपनी बहू को अपनी बेटी माने। जिससे आपकी बहू बेटी बनकर आपका और देश का मान बढ़ा सके।

### नवरात्र में श्री हनुमान मंदिर में रहती हैं भक्तों की भीड़

मुरादाबाद। रेलवे हरथला कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है। मान्यता है कि यहां बरगद के वृक्ष पर डोरी बांधने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। नवरात्रों में मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। यहां प्रतिदिन काफी संख्या में भक्त पूजा अर्चना के लिए आते हैं। मंदिर में पंचमुखी हनुमान जी के अलावा दुर्गा, ब्रह्म देवता, शनिदेव, दल पिंडी और तेल पिंडी, काली माता, राम दरबार, विष्णु, बृहस्पति, भैरों बाबा, तुलसी माता, सरस्वती, संतोषी माता और साईं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर के बाहरी हिस्से में महलों की तरह नक्काशी की गई है। मंदिर में हनुमानजी की प्राचीन मूर्ति है। यहां 100 साल पुराना बरगद व पीपल का पेड़ है। इन पेड़ों के नीचे मठ था, जिसमें लोग पूजा-अर्चना करने आते थे। इसका जीर्णोद्धार 1994 में हुआ। पुजारी हरिदत्त शास्त्री ने बताया कि नवरात्र में मअर्चना की जाती है। सुबह हवन और शाम को महिला भजन मंडली द्वारा कीर्तन होता है। माता का विशेष शृंगार और सुबह शाम आरती के बाद प्रसाद वितरित किया जाता है। नवमी को कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# 25 साल से बंद नर्सरियों का होगा कायाकल्प, जल्द शुरू होगा कार्य

मुरादाबाद- बिलारी थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। गांव के बाहर जंगल में पेड़ की टहनी से लटके शव और जमीन के बीच की दूरी युवक की हत्या किये जाने की ओर इशारा कर रही है। बिलारी थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला है। युवक के पैर जमीन पर टिके हुए थे। घटना बिलारी थाना क्षेत्र में तुरखेड़ा गांव की है। मौके पर पहुंची पुलिस आत्महत्या की बात कह रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। 35 साल का उदयवीर दिल्ली में रहकर काम करता था। वह 20 दिन पहले ही गांव लौटा था। मंगलवार सुबह उसका शव गांव के बाहर जंगल में एक पतले पेड़ के सहारे बंधी रस्सी से लटकता हुआ मिला। उसके दोनों पैर जमीन पर टिके हुए थे। गांव वालों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस और परिजनों को जानकारी दी। मोके पर पहुंची पुलिस ने मौके से फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाकर मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या को लेकर भी परिजनों ने भी कोई वजह नहीं बताई है। मृतक के भाई मुन्ना लल ने पुलिस को दी गई तहरीर में भाई कि हत्या किए जाने की बात कही है। जिले में 25 साल पहले बंद हुई उद्यान विभाग की चार नर्सरी का फिर से कायाकल्प होगा। इसके लिए 9 करोड़ रुपये का बजट भी जारी हो गया है। कार्यदायी संस्था के खाते में 4 करोड़ रुपये आ गए हैं। जिला उद्यान अधिकारी की देखरेख में कार्यदायी संस्था द्वारा जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा। जिले के ठाकुरद्वारा ब्लॉक के गांव रोंडा व घोंडा और ठाकुरद्वारा के फतेहउल्लागंज व पंडितपुर गांव में स्थित चार नर्सरी 25 साल पहले किन्हीं कारणों से चलते बंद हो गई थी। अब इन नर्सरियों को फिर से शुरू किया जा रहा



है। रोंडा गांव में 1380 वर्ग मीटर की नर्सरी के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ और 1.42 करोड़ रुपये अब तक मिल गया है। वहीं घोंडा गांव की नर्सरी के लिए स्वीकृत हुए 3.85 करोड़ रुपये में से 1.52 करोड़ रुपये मिल गए हैं। ठाकुरद्वारा ब्लॉक के गांव फतेहउल्लागंज की नर्सरी के लिए स्वीकृत 1.89 करोड़ में से 94. 88 लाख व पंडितपुर गांव की नर्सरी के लिए स्वीकृत 1.67 करोड़ में से 83.58 लाख रुपये दिये जा चुके हैं। इन सभी नर्सरियों में फेंसिंग, इंटरलाकिंग समेत अन्य 14 बिंदुओं के कार्य इस बजट से कराए जाएंगे। वहीं, बिलारी की पौधशाला को विकसित करने के लिए 43,39,000 रुपये का बजट भी मिला है। जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने बताया कि चारों नर्सरियों के कायाकल्प का कार्य जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। वहीं बिलारी की पौधशाला को भी विकसित किया जाएगा। जागरूकता अभियान में प्रदेश में पहले स्थान पर जनपद, अमरोहा तीसरे स्थान पर- मुरादाबाद। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान कराए गए जागरूकता कार्यों में विभिन्न गतिविधि संचालित करने में प्रदेश में मुरादाबाद पहले स्थान पर आया है। जबकि दूसरे स्थान पर श्रावस्ती व तीसरे स्थान पर अमरोहा है। मंडल के संभल जिले की हालत खराब रही है। यहां सूची में 10 सबसे खराब जिलों में संभल पहले स्थान पर है। वहीं बरेली 10वें स्थान पर आया है। प्रदेश सरकार की तरफ से एक से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह अभियान चलाया गया था। जिसमें एनीमिया जांच, दवा वितरण, जागरूकता रैली, गोदभराई, अन्न प्राशन, टीकाकरण की वोकल फॉर लोकल (क्षेत्रीय अनाज से बनी रेसीपीज,लोकल खिलौनों को प्रोत्साहन), पोषण जागरूकता रैलियां इत्यादि की गतिविधियां संचालित की गई थी। अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाती थी। इसके अलावा केंद्र पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जाता था। कार्यक्रम को दो अक्टूबर तक बढ़ाया गया था। इन गतिविधियों को संचालित करने में जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। वहीं मंडल के अमरोहा जिले को तीसरे स्थान मिला है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले में 1,18,000 गतिविधियां कराई गईं थीं। तीन दिन पहले शासन ने प्रदेश स्तर पर रैंकिंग जारी की है। जिसमें जिला पहले स्थान पर आया है।

सुपर जोइनिंग सीक
दैनिक क्यूं न लिखूं सच | KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991

# बेटा ही पिता का कातिल: खर्च के लिए पैसे नहीं दिए तो गला दबाकर मार डाला, चौबीस घंटे में पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

मुरादाबाद-एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पिता की हत्या करने के आरोपी बेटे समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। खर्च के लिए अनावश्यक पैसे न मिलने से गुस्साए बेटे ने इस हत्या को अंजाम दिया था। तीनों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।पुलिस ने पाकबड़ा थाना क्षेत्र में बैंक्वेट हॉल के 65 वर्षीय चौकीदार छिद्दू की गला घोंटकर हत्या मामले में बेटे और उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बेटे ने खर्च न मिलने के कारण दोस्तों के साथ मिलकर पिता की हत्या की थी। दरअसल, सोमवार सुबह चौकीदार का काम करने वाले बुजुर्ग का शव शव बैंक्वेट हॉल में ही चारपाई पर पड़ा मिला। चौकीदार के परिवार ने किसी तरह की रंजिश से इनकार किया। इसके



बाद पुलिस को हत्याकांड में किसी करीबी के शामिल होने का शक था। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए हत्याकांड के खुलासे में जुटी थी। चौकीदार छिद्दू का परिवार मूलरूप से अमरोहा के तेलीपुरा निवासी है। एक साल से वह परिवार के साथ अपनी ससुराल पाकबड़ा के बागड़पुर की मड़ैया में किराये के घर में रह रहा था। परिवार में पत्नी अकीला, बेटा कादिर और बेटियां सायबा, मंतशा हैं। छिद्दू पाकबड़ा-कैलसा मार्ग पर गिंदौड़ा के पास बन रहे बैंक्वेट हॉल में रात को चौकीदारी करता था। दिन में व कबाड़ की दुकान चलाता था। रविवार रात करीब आठ बजे छिद्दू घर से ड्यूटी पर चला गया था। सोमवार की सुबह वह घर नहीं लौटा। बेटे कादिर ने मोबाइल फोन पर संपर्क करना चाहा लेकिन कोई कॉल रिसीव नहीं हुई। तब कादिर निर्माणाधीन बैंक्वेट हॉल में पहुंच गया। उसने देखा कि पिता छिद्दू का शव चारपाई पर पड़ा था। उसके गले में चोट के निशान थे। कादिर ने अपनी मां और बहनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मौके पर परिजन और ग्रामीण पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया मौके पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम भी बुला ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की और नमूने लिए। सोमवार शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई है। परिवार के लोगों से पूछताछ की गई। जांच में आरोपी बेटा ही निकला। उसकी निशानदेही पर दो अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# आंधी-बारिश ने बिगाड़ा मौसम का मिजाज, 14.8 मिमी बरसे बादल, तापमान दो डिग्री गिरा

मुरादाबाद मंडल के मौसम का मिजाज दूसरे दिन भी बदला रहा। सुबह की शुरुआत हल्के बादलों के साथ हुई। एक दिन पहले बारिश और ओले से ठंड का एहसास होने लगा है।मुरादाबाद मंडल के मौसम में अचानक आए बदलाव से ठंड का असर दिखना शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह भी हल्के बादलों के आहट के बीच सूर्य की किरणों बाहर निकली। एक दिन पहले यानि सोमवार को मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया। आंधी और बारिश ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया। मौसम विभाग के अनुसार दिन में 14.8 मिमी बादल बरसे। मंगलवार सुबह भी हल्के बादल दिखाई दिए। दोपहर के बाद मौसम साफ रह सकता है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे से मौसम में बदलाव शुरू हुआ। पहले बादल छाए और दोपहर करीब 12:30 बजे तेज हवा चलने लगी। शहर के बाहर ही नहीं, बल्कि मुख्य मार्गों पर अंधड़ से राहगीरों का चलना दूभर हो गया। दिल्ली रोड पर पतझड़ से पूरी सड़क पट गई और वातावरण में भी धूल व पत्ते उड़ रहे थे। इसकी वजह से दोपहिया वाहन चालकों को या तो हेलमेट के शीशे नीचे करने पड़े या फिर वाहन रोकने पड़े। आधा घंटे के इसी तरह के वातावरण के बाद तेज बारिश शुरू हुई। इससे मौसम में ठंड बढ़ गई। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार दोपहर में 12 बजकर 45 मिनट से एक बजकर 30 मिनट तक और दोपहर तीन बजकर 10 मिनट से तीन बजकर 40 मिनट तक हवा की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा पूरब से पश्चिम दिशा में रही। आधा घंटे में बारिश 14.8 मिलीमीटर दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# अवमानना केस में आजम खां ने मांगा समय, बीमारी के कारण पेश नहीं हुए, अगली सुनवाई 30 को

सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम समेत अन्य के खिलाफ 2008 में छजलैट थाने में केस दर्ज किया गया था। इसमें आजम खां कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। तब उनके खिलाफ अदालत के आदेश की अवमानना मामले में दूसरा केस दर्ज किया गया।सपा नेता आजम खां के खिलाफ चल रहे अदालत के आदेश की अवमानना के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष का गवाह पेश नहीं हुआ। उनके वकील ने गवाह के लिए समय की मांग की। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए 30 अक्तूबर की तारीख तय की है। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम समेत अन्य के खिलाफ 2008 में छजलैट थाने में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में आजम खां कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। तब



उनके खिलाफ अदालत के आदेश की अवमानना में केस दर्ज किया गया था। केस की सुनवाई लघु वाद न्यायाधीश एमपी सिंह की अदालत में जारी है। आजम खां की तरफ से अपने बचाव में बतौर गवाह पेश होना था लेकिन उनके वकील ने इसके लिए अदालत से समय की मांग की। वकील ने बताया कि गवाह डेंगू से पीड़ित है। अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए 30 अक्तूबर नियत करते हुए बचाव पक्ष को शेष गवाह प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

### आज होगी अब्दुल्ला की उम्र मामले में सुनवाई

अब्दुल्ला आजम के नाबालिग होने या नहीं होने के मामले में बुधवार से जिला न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार की अदालत में सुनवाई शुरू की जाएगी। अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इसमें कहा था कि मुरादाबाद की एमपीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने उन्हें गलत सजा सुनाई थी। घटना के वक्त वह नाबालिग थे। इस कारण से उनके मुकदमे की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड द्वारा की जानी चाहिए थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुरादाबाद जनपद न्यायाधीश को अब्दुल्ला आजम के उम्र निर्धारण के लिए पत्रावली पर सुनवाई के लिए आदेशित किया है।

क्यूं न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए.एच.ए.प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूं न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## सिरमौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे,आर बी पी राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी की गाडी चाकघाट पुलिस ने की जप्त

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश तिवारी

रीवा -चुनाव आचार संहिता का कर रहा था खुला उल्लंघन गाड़ी के अंदर चुनाव सामग्री बरामद पुलिस की सबसे बड़ी कार्यवाही रीवा जिला के चाकघाट से बताई जा रही है लोगों का कहना है ऐसे प्रत्याशियों की भरमार है जो कभी क्षेत्र में पब्लिक के सुख दुख में शामिल नहीं हुए आज चुनाव समय पर अपना भेष बदल बदल के चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने में लगे हैं पैसा दारू कपड़े आदि चीज देकर वोटरों का खरीदने का कार्य कर रहे हैं जो की कहा जाए तो चुनाव आचार संहिता का खुला उलघन है एवं जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़ है इस संबंध में देखते हैं क्या कार्यवाही की जाती , रीवा पुलिस अधीक्षक द्वारा




कौन गलत है कौन सही है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा बीते देर रात्रि चाकघाट पुलिस ने नियम विरुद्ध तरीके से छपाई गई प्रचार सामग्री को किया जप्त, और विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर अविनाश शुक्ला की है प्राचार्य सामग्री। त्योंथर एसडीओपी उदित मिश्रा के नेतृत्व में चाकघाट पुलिस ने यूपी एमपी बार्डर पर वाहन चेकिंग के दौरान राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी इंजी अविनाश शुक्ला की प्रचार सामग्री जब्त। की है की आपको बता दें कि यूपी से प्रिंट करवाकर लाई जा रही थी ,मुद्रक व प्रकाशक का नाम दर्ज नही था नियम विरुद्ध तरीके से छपवाई गई प्रचार सामग्री जिसे पुलिस ने कर कर लिया है,

## डभौरा में हुए भ्रष्टाचार की आज तक क्यों नहीं हुआ जांच इसके पीछे किसका हो सकता है हाथ?

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश तिवारी

रीवा -मध्य प्रदेश की रीवा जिले के डभौरा ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाया गया जिसमें ग्राम पंचायत मंगडौर ग्राम पंचायत अकौरिया ग्राम पंचायत कोटा ग्राम पंचायत गेदुरहा ग्राम पंचायत पनवार ग्राम पंचायत लटियार को सम्मिलित कर बनाया गया है यह सब पंचायते वनांचल एवं ग्रामीण पंचायतें थी और आज भी उसी स्थिति पर हैं इन स्थानों में जाने के लिए डभौरा से वन भूमि जंगल को लॉघकर पहुंचा जाता है नगर परिषद में शामिल कर दिया गया तथा प्रथम नगर परिषद के सीएमओ के पद पर केएन सिंह की तैनाती की गई वर्तमान में ज्ञानेंद्र मिश्रा सीएमओ डभौरा है नगर परिषद का चुनाव होने के बाद कई बार निर्वाचित पार्षदों द्वारा केएन सिंह के जमाने में किए गए




भ्रष्टाचार की जांच के मांग को लेकर आंदोलन किया गया फर्जी नियुक्ति करने का भी आरोप लगाया गया निर्माण कार्य में घटिया निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया गया सामान खरीदने के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा आज भी बताते हैं भ्रष्टाचार हो रहा है और तो और नगर परिषद डभौरा में शामिल ग्राम पंचायत पनवार में थाना के सामने सीएफटी केंद्र बना है हैंडपंप है केन्द्र के सामने शासकीय शौचालय है फिर भी पूर्व सीएमओ केएन सिंह के द्वारा प्राइवेट कमरे को किराया में कार्यालय लेकर कमीशन खोरी किया गया वर्तमान के सीएमओ के द्वारा भी निजी मकान को किराया में कार्यालय लेकर कमीशन के चक्कर में शासन को चूना लगाया जाता है आखिर यह किसके इशारे पर हो रहा है प्रदेश से लेकर केन्द्र तक में भाजपा की सरकार है फिर भी ऐसा कौन कर रहा है सोचने का विषय है और तो और नगर परिषद के जिला एवं संभाग के अधिकारियों के आंख में पट्टी बंधी हुई है आखिर क्यों? सोचने का विषय है इस भ्रष्टाचार की जांच पार्षदों के आंदोलन के बाद भी नहीं हो सका तो जिला प्रशासन कटघरे में नजर आ रहा है माननीय लोकायुक्त महोदय मध्यप्रदेश से मांग किया जाता है कि नगर परिषद डभौरा में हुए घोटाले की जांच टीम गठित कर कराया जाए ताकि भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे नजर आए और भ्रष्टाचार करने की हिम्मत ना कर सके।,

## सिंगरौली मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हुई विचार गोष्ठी




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।खंडेलवाल कॉलेज बरेली में मिशन शक्ति अभियान फेज-4.0 के अंतर्गत 卐 महिला सशक्तीकरण एक नए समाज की शुरुआत विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0 के0 सिंह ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के बिना अन्याय, लैंगिक पक्षपात और असमानता को दूर नहीं किया जा सकता है। यह महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। प्रवक्ता प्रीति शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं सशक्त बन राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकती है।जो महिलाएं सशक्त हैं, वे समाज में भाग लेने, अर्थव्यवस्था में योगदान देने और अपने समुदायों की भलाई में सुधार करने में अधिक सक्षम हैं।डॉ0 तरुणा ने स्वमसेविकाओं को बताया कि महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने में शिक्षा अहम भूमिका निभाती है। यह समाज में महिलाओं की स्थिति को बदलने का भी अवसर देती हैं। शिक्षा बेहतर तरीके से निर्णय लेने में सक्षम बनाती हैं।आत्मविश्वास जगाती हैं।साथ ही मीनाक्षी, अलंकृता, हर्षिता , ऋतु आदि ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।समस्त कार्यक्रम एन0एस0एस0 अधिकारी सविता सक्सेना के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में डॉ0 शिव स्वरूप , डॉ0 कल्पना,मीनू, प्रज्ञा, अर्चना , डॉ0 अहसान , घनश्याम ,नृपेंद्र सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## मध्य प्रदेश में 50% कमीशन वाली मामाजॉन एवं ममेटों वाली सरकार

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा मध्य प्रदेश- आज मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के तत्वाधान में रीवा जिला के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शेरॉन जॉन के नेतृत्व में पत्रकार वार्ता का आयोजन रखा गया इस वार्ता मे मुख्य रूप से मीडिया विभाग के र प्रभारी एवं दोनों राज्य समन्वयक रघु तिवारी अभिज्ञान शुक्ला ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया है कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पिछले अट्ठारह सालों से काबिज हैं और आज मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कोई भी काम 50 प्रतिशत कमीशन के बिना नही करती हैं, बिना कमीशन न कोई ठेका मिल रहा है, न किसी यूवांओं को बिना कमीशन के रोजगार मिल रहा हैं, न कोई उद्योगपति बिना सरकार को कमीशन दिए मध्यप्रदेश के अंदर उद्योग लगा सकता है, इस प्रकार के भ्रष्टाचार से जन-जन अक्रोशित है। मध्यप्रदेश का यूवां बदलाव की ओर अग्रसर हैं। भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया विभाग द्वारा 50 प्रतिशत कमीशन के भ्रष्टाचार के विरूद्ध ममेटो कैंपेन और मेंमेजॉन कैंपेन के माध्यम से मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की कमीशन खोरी को उजागर करने का प्रयास हैं। यूंवा कांग्रेस आम जन यूवाओं तक 50 प्रतिशत कमीशन की बात पहुँचाएगी। मध्यप्रदेश आज बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार में नंबर वन पर है जिसके जिम्मेदार मध्य प्रदेश के रावण रूपी शिवराज सिंह चौहान तथा भाजपा सरकार में उनके सहयोगी मंत्री




हैं हाल में ही कर्मचारी चयन मंडल ( ई.एस.बी. ) द्वारा आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाहा के एनआरआई कॉलेज परीक्षा केंद्र से न सिर्फ 114 बच्चों का चयन हुआ बल्कि टॉप 10 में 7 छात्र इसी सेंटर से चयनित हुए हैं। सभी टॉपर के अंक लगभग सामान्य होने से और सिर्फ एक ही सेंटर से इतने अधिक छात्रों का चयनहोना संयोग नही हो सकता, पटवारी परीक्षा में एक भ्रष्टाचार खुलने के बाद लगातार परीक्षा में भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगी जिसके बाद सामने आया कि दिव्यांग कोटे की 21 लोग में से 16 लोग सिर्फ मुरैना के जौरा के हैं, और अधिकांश कानों से दिव्यांग हैतथा एक ही जाति के है तथा 2 सगे भाई है और दोनो भाईयो की उम्र में भी मात्र 6 दिन का अंतर है इतना देखने के बाद अंधे की भी आंखें खुल जाएं लेकिन मध्यप्रदेश के भ्रष्टाचारी मामा आज भी आंखों में पट्टी बांधकर बैठे हैं तथा मध्यप्रदेश के भोले भाले छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पटवारी भर्ती परीक्षा में इतने बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसके बाद भी सरकार द्वारा आज तक भर्ती परीक्षाएं रद्द ना किया जाना दर्शाता है शिवराज सिंह भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे बचाना चाहते हैं, इससे पूर्व में भी कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती फर्जीवाड़ा, शिक्षक वर्ग 3 फर्जीवाड़ा, नर्सिंग स्टाफ भर्ती फर्जीवाड़ा में भी इसी तरह के आरोप लगे थे, सरकार निष्पक्ष होने का ढोंग करती हैं लेकिन उन्ही की सरकार में बैठे भ्रष्ट नुमाइंदे व्यापम के बाद हर साल घोटाले के नए आयाम स्थापित कर रहे। सरकार के गृहमंत्री परीक्षा प्राणली को कितना भी पारदर्शी, आधुनिक बताए परंतु सच्चाई यही है इस परीक्षा प्राणली से प्रदेश के छात्रों का विश्वास उठ गया है। प्रदेश के लाखों युवाओं ने रात दिन मेहनत कर इस परीक्षा में शामिल हुए थे लेकिन ये भ्रष्टाचार छात्रों की मेहनत पर कुठारघात है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेरॉन जॉन, प्रदेश समन्वयक रघु तिवारी, अभिज्ञान शुक्ला, पारिजात सिंह, सिंगरौली डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर आशुतोष पाठक मौजूद रहे ।

## अनोखी विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा नियुक्त किया गया मजदूर और खुद ले रहे सोमरस का आनंद




क्यूँ न लिखूँ सच
अनुपम कुमार द्विवेदी

तहसील चितरंगी जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश- ग्राम पंचायत बड़कुड़ के प्राथमिक पाठशाला बेलोही में दिनांक 16/10 /2023 समय 3¬00 बजे विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू कोल विद्यालय बंद करके विद्यालय से 300 मीटर दूर एक घर में सोमरस ( शराब ) का पान करके आनंद ले रहे थे तभी पत्रकार संगठन विद्यालय में जा पहुंचे पता लगने पर प्रधानाध्यापक राजू कोल विद्यालय खोले विद्यालय में एक सरकारी शिक्षक राजू कोल और एक मैडम शकुंतला सिंह जो की 2009 से आज दिनांक तक अनुपस्थित रही हैं मैडम जी अपनी जगह गांव के ही एक लड़की को नियुक्त किया है 20 दिन पहले खबर प्रकाशित होने पर कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र चितरंगी जिला सिंगरौली द्वारा दोनों शिक्षकों को नोटिस दिया गया। फिर भी विद्यालय बंद पाया गया आश्चर्य की बात यह है कि ना हीं बच्चे आते हैं और ना ही मैडम। शिक्षक के अनुपस्थिति के कारण ही विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति शून्यवत रहती है साथ ही बच्चों का शैक्षणिक स्तर भी अत्यंत कम है। क्या विभाग कारण बताओं नोटिस भेज कर अपना कार्य पूर्ण कर चुका है या फिर इनपर कार्यवाही की जाएगी।

## शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी -मऊरानीपुर ( झाँसी ) मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के दिशा निर्देश में थानाध्यक्ष टोड़ीफतेहपुर कौशल किशोर मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज 04 व शक्ति दीदी अभियान के तहत थाना टोड़ीफतेहपुर के बीट महिला कांस्टेबल 1991 पूनम सिंह व 1795 शांति के द्वारा बड़ी माता मंदिर टोड़ीफतेहपुर में मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के चलते महिलाओं एवं बच्चियों को एकत्रित कर उन्हें सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में विभिन्न



आकस्मिक सेवा हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 102, 108, 112, 1076, 1098, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उनकी सुविधा हेतु पिंक कार्ड भी वितरित किए गए और योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक मुकेश गौतम, विशेष , अश्वनी, गोपाल , सौरभ कुशवाहा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## नहर सफाई की जानकारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और किसानों को भी दिए जाने के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी - जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने विकास भवन सभागार में जनपद में वर्ष 2023-24 रबी फसली नहरों की सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग के प्रस्तावित कार्यो के अनुमोदनार्थ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग कार्य की जानकारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और किसानों को अवश्य दी जाये ताकि भ्रमण के दौरान आपके द्वारा कार्य का सत्यापन किया जा सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने अधिशासी अभियंता बेतवा प्रखंड को निर्देशित करते हुए कहा कि नहरों की सिल्ट सफाई से पूर्व टीम गठित करते हुए किए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त करें तथा किए जाने वाले सिल्ट सफाई कार्य के संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और कृषि विभाग द्वारा सत्यापित किया जाना सुनिश्चित किया




जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न संगठन/खण्ड से सम्बन्धित 193 नहरें सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग के लिये प्रस्तावित है। जिनकी कुल लम्बाई 1063 किमी है। उन्होने कहा कि समस्त कार्य माह दिसम्बर 2023 तक शत-प्रतिशत गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिया जाये।' जहां अधिक सिल्ट जमा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सिल्ट सफाई के कार्य को गुणवत्तापरक ढंग से किया जाए एवं कोई ऐसी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए की सिल्ट के कारण किसी नहर में टेल तक पानी नहीं आ रहा है, उन्होंने बताया कि सभी कार्य माह दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, प्रभागीय वन अधिकारी एमपी गौतम, एसपी सिटी श्री ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, डीडीओ सुनील कुमार,कृषि अधिकारी के के सिंह, सहित समस्त बीडीओ एवं अधिशासी अभियंता बेतवा नहर खंड द्वितीय उरई, झांसी प्रखंड बेतवा नहर झांसी, माताटीला बांध प्रखंड झांसी, सपरार प्रखंड झांसी, सिंचाई निर्माण खंड पंचम, सिंचाई निर्माण खंड मऊरानीपुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पानी को तरस रहे बगदरा माध्यमिक विद्यालय के बच्चें

क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा

सिंगरौली जिले के चितरंगी विकासखंड के दूरस्थ कोरावल क्षेत्र के बगदरा माध्यमिक विद्यालय में एक महीने से हैंडपंप से सांप निकलने के कारण कलेक्टर महोदय के निर्देशन से पीएचई विभाग के द्वारा हैंडपंप को सीज कर दिया गया है जो लगभग एक महीने से ऊपर का समय हो गया है जिससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को पानी पीने और समूह संचालकों को बच्चों के लिए भोजन पकाने में पानी की बहुत समस्या हो गया है कुछ आस पड़ोस में हैंडपंप थे वह भी खराब हो गए हैं बच्चें पानी पीने के लिए एक किलोमीटर का सफर तय करते हैं जिससे उनके पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है कूल दर्ज संख्या बच्चों कि 324 है पानी कि भारी समस्या विद्यालय में हो रहा है जिस समस्या से निजात के लिए कई बार संस्था प्रमुख त्रिवेणी प्रसाद कोल के द्वारा कई बार बोला गया और कई बार लिखित में भी अनुरोध किया गया है जिससे



कि बच्चें प्रतिदिन प्यास से नहीं तड़पे लोगों का कहना है कि कलेक्टर साहब जल्द से जल्द बच्चों के लिए पानी पीने कि व्यवस्था कराए और सामने चुनाव भी है लेकिन पानी कि कोई व्यवस्था नहीं है

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
KNLSLIVE
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## झाँसी की टहरौली थाना पुलिस ने दो शिक्षक बंधकों को कराया मुक्त

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी -झाँसी टहरौली थाना पुलिस ने भटपुरा के जंगल से बदमाशो कि गिरफ्त से 2 शिक्षकों को सकुशल किया बरामद टहरौली पुलिस को मिली बडी सफलता थाना टहरौली पुलिस ने लुहरगांव के ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी भीमसेन पौनियां ने जंगल में सर्च अभियान चलाया गया



तो बदमाशो के होश उड़ गए एवं भारी पुलिस बल एवं ग्रामीणों को देख चारों बदमाश जान बचाकर भागे एवं बदमाशो के कब्जे से दो शिक्षकों को सकुशल बरामद किया जिसमें आशीष बर्धन चतुर्वेदी निवासी जिला निवाड़ी एवं संदीप कुमार रिछारिया ग्राम सिजारा थाना सकरार दोनों एक साथ सुबह पढ़ाने के लिए निकले ही तभी जेरोन रोड़ मढिया से नकाबपोश चार से पांच बदमाशों ने चार पहिया गाड़ी से पकड़कर उनके पास से लगभग 3 लाख 50 हजार के सोने के आभूषण एवं पैसों की लूट कर टहरौली थाना क्षेत्र के भटपुरा के जंगल में बंधक बनाए हुए थे जिन्हें सुरक्षित बरामद किया गया इस मौके पर एसआई अशीष कांस्टेबल अमित तिवारी कृष्णकुमार राना सूर्यांश दीक्षित रोहित वाजपेई एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों के सहयोग से टहरौली पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है वहीं दोनों शिक्षिको को पृथ्वीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# मां काली माता की स्थापना के साथ मंदिर परिसर में हुआ विशाल भण्डारा, उमड़ी माता के भक्तों की भारी भीड़

क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।सुभाष नगर काली मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष में हुआ विशाल भंडारा का हुआ आयोजन , उमड़ी माता के भक्तों की भारी भीड़ मंगलवार को सुभाष नगर काली धाम कॉलोनी महाकाली मंदिर के स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में महापौर डॉ उमेश गौतम ने माता रानी की शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया ।इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना एवं उपसभापति सर्वेश रस्तोगी उपस्थित सहित तमाम भक्त मौजूद रहे। हजारों की संख्या में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

मां काली का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ब्रह्मलीन रमेश गुरूजी की पूजा- अर्चना कर समस्त कश्यप परिवार की ओर से वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। जिसमें राकेश कश्यप प्रदेश अध्यक्ष कश्यप परिवार के आर 0के0 कश्यप ,हरि ओम कश्यप , अजय कश्यप, गौरव कश्यप, चिंटू कश्यप ,गौरव राजपूत अर्जुन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# मलावन पुलिस द्वारा भागवत सप्ताह ( कथा ) रोकने पर किसानों ने प्रदर्शन किया

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने लाउडस्पीकर तत्काल वापस करते हुए कथा शुरू कराने का निर्देश दिया आपको अवगत कराना है कि अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर मलावन क्षेत्र के किसान, नौजवान, महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्रित हो कर प्रदर्शन किया उक्त प्रदर्शन करते हुए बताया कि संतोष कश्यप पुत्र राधेश्याम कश्यप निवासी मलावन ने प्राचीन काली मंदिर में खंडित प्रतिमा को गंगा में विसर्जित कर नई प्रतिमा लगवाकर प्राण प्रतिष्ठा कराते हुए भागवत सप्ताह( कथा )का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से करा रहे थे लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि गांव के ही कुछ षड्यंत्रकारियो की वजह से मलावन पुलिस ने आयोजक के साथ अभद्रता कर लाउडस्पीकर खुलवाकर थाने में रख लिए हैं और



आयोजक को थाने में बंद कर दिया था जिस पर लखनऊ से फोन आने पर आयोजक को कथा बंद रखने की हिदायत देते हुए छोड़ दिया था तथा लाउडस्पीकर आज भी मलावन थाने में बंद है किसानों ने प्रदर्शन के माध्यम से भागवत कथा में प्रयोग किए जाने वाले लाउडस्पीकर को ससम्मान लगवाकर भागवत कथा को पुनः शुरू कराने की मांग की गई उक्त मांगपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर भागवत कथा में तत्काल लाउडस्पीकर लगवाकर कथा शुरू कराने का निर्देश दिया तथा उक्त ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन एटा एवं उपजिलाधिकारी श्री राम नयन जी को सौंपा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से =- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष जदुवीर सिंह, जिला महासचिव ठा0 अखंड प्रताप सिंह, जिला सचिव अशोक कुमार, प्रेम सिंह, संतोष कश्यप, लाखन सिंह कश्यप, राजू, सावित्री देवी कश्यप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# विजय दशमी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे क्षत्रिय

क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता 24 अक्टूबर को विजय दशमी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां युद्ध स्तर पर करने में जुटे हुए है। क्षत्रिय संगठन जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान एवं युवा जिलाध्यक्ष सुनील सोलंकी ने संयुक्त रुप से बताया कि विजय दशमी के शुभअवसर पर शहर के रेलवे पुल स्थित राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनवारण कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा एटा क्लब में क्षत्रिय सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश सरकार के कई मंत्री एवं देशभर के क्षत्रिय नेता प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष करेगे। दोनों ने संयुक्त रुप से बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों के साथ जिले के प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वहीं कई गांव में बैठक कर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्षत्रियों से अधिक से अधिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की जा रही है।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने जिलाधिकारी सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच

नेहा श्रीवास



झाँसी । अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने ललितपुर जिलाधिकारी का ज्ञापन सौंपकर उत्तर प्रदेश सरकार से मांग कि है कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। जो कुशवाहा समाज सनातन संस्कृति को मानता है, जैसे रक्षाबन्धन दशहरा, दीपावली, होली इत्यादि सनातन संस्कृति त्योहारों को मनाता है, भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश हैं, कुशवाहा समाज के व्यक्ति उनके बारिश है जब भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में बनाया जा रहा. तो कुशवाहा समाज के वंशस भगवान श्रीराम के पुत्र भगवान लव कुश का मंदिर अयोध्या में भव्य बनाया जाये एवं एक ट्रस्ट / आयोग का गठन किया जाये। जिससे कुशवाहा समाज उसका रख रखाव एवं भागीदारी मिल सके। ज्ञापन के दौरान धर्मेन्द्र कुशवाहा झांसी, राकेश कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा टेलर्स, राजेश कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, कालीचरन उर्फ कल्लू कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, जगतसिंह कुशवाहा, अरविन्द्र कुशवाहा, पवन कुशवाहा, करन कुशवाहा, सिरनाम कुशवाहा, हुकुम कुशवाहा, हर्ष कुशवाहा, विशाल कुशवाहा, विन्द्रावन कुशवाहा, सुकसिंह कुशवाहा, अमित कुशवाहा, आजाद कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, विशाल कुशवाहा, दीपक उर्फ दीपू कुशवाहा, सुरज कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, मंगल कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, रामसिंह कुशवाहा, शंकर कुशवाहा, एवं समस्त ललितपुर कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहें।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# 25,000 के इनामिया अभियुक्त अरमान उर्फ रिंकी को किया गया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 17.10.2023 को समय करीब 04.00 बजे सुबह एसओजी टीम तथा थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअस0-201/23 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व 120बी भादवि0 तथा मुअस0-202/2023 धारा 3/5ए/8 गौ0अधि0 व 395, 397, 120बी भादवि0 में वांछित चल रहे 25000 रूपये के इनामिया अभियुक्त अरमान उर्फ रिंकी पुत्र बदलू उर्फ फकीरा निवासी मोहल्ला शहजाद नगर नदरई थाना कोतवाली कासगंज, जनपद कासगंज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक विधिक कार्यवाही की

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने न्यायालय भेजा




क्यूँ न लिखूँ सच

नेहा श्रीवास

झाँसी - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद झाँसी राजेश एस0 के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वारण्टी अभि0 की गिर0 के अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी टहरौली आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष अजमेर सिंह भदौरिया के नेतृत्व मे थाना बरूआसागर पुलिस द्वारा मोहल्ला मातवाना थाना बरूआसागर से वारण्टी अभियुक्त- गोपी कुशवाहा पुत्र नन्दराम कुशवाहा नि0 मोहल्ला मातवाना कस्बा व थाना बरूआसागर जिला झाँसी उम्र करीब 23 वर्ष सम्बन्धित के0न0 215/23 अ0सं0 161/22 धारा 147/148/149/341/325/323/504/506 भादवि व 3( 2 ) 5क एससी/एसटी एक्ट तारीख पेशी 17.10.23 मान न्याया0 विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 अधिनियम झाँसी को घर के बाहर से समय 09.30 बजे गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम थाना बरूआसागर जनपद झाँसी उ0नि0 अनुपम मिश्रा थाना बरूआसागर जनपद झाँसी ,हे0का0 356 रणधीर सिंह थाना बरुआसागर जनपद झाँसी।

www.knlslive.com

# जिंदा तड़पते रहे मजदूर, नसीब में लिखी थी मौत, पांच की टूट गईं सांसें, धमाकों से दहल उठे लोग





मेरठ जनपद के लोहिया नगर में मंगलवार को एक मकान में तेज धमाके के साथ कई बार ब्लास्ट हुए। धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर तक लोग कांप उठे। उधर, मलबे में फंसे मजदूर घंटों तक तड़पते रहे। वहीं, मौके पर पहुंचे आईजी, डीएम और एसएसपी समेत प्रशासन की टीम ने राहत बचाव अभियान चलाकर घायलों को बाहर निकाला। इनमें पांच लोगों ने दम तोड़ दिया, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सुबह लगभग सात बजे तेज धमाके के साथ यह बिल्डिंग धराशायी हो गई। धमाका इतना भयावह था कि आसपास की कई बिल्डिंगों में दरारें आ गईं। वहीं, निकट स्थित एक दूसरी बिल्डिंग की पहली मंजिल की छत भी गिर गई। बताया गया कि जिस मकान में फैक्टरी संचालित थी, उसके पास ही सत्यकाम स्कूल है। विस्फोट स्कूल के समय से पहले हुआ अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। विस्फोट से तीन मकान गिरने के साथ दूर-दराजों के मकान भी हिल गए। सत्यकाम स्कूल के अलावा आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। एटीएस की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच की। एटीएस की टीम की प्रथम दृष्टया जांच में मौके से विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि हुई है। एटीएस ने मौके से मिली सामग्री को बच्चों की बंदूक में लगने वाली मिसाइल माना है। उधर, ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने चल रही फैक्टरी की जांच कराने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान टीम कई घंटों तक राहत बचाव कार्य में जुटी रही। डीएम दीपक मीणा का कहना है कि मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। ये सभी फैक्टरी में काम करने वाले मजदूर हो सकते हैं। पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया गया कि रिहायशी इलाके में यह फैक्टरी पिछले आठ माह से चल रही थी। पुलिस के अनुसार, नौचंदी थाना क्षेत्र के रहने वाले संजय गुप्ता का लोहिया नगर में दो मंजिला भवन है। बताया जाता है कि संजय गुप्ता ने भवन का ग्राउंड फ्लोर आलोक रस्तोगी को किराए पर दिया हुआ था, जिसमें वह साबुन फैक्टरी चला रहा था। कुछ दिन पहले ही भवन का फर्स्ट फ्लोर जागृति विहार निवासी गौरव भाटिया ने प्लास्टिक पार्ट की फैक्टरी लगाने के लिए किराए पर लिया था।उधर, घटना की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले का संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने घटना की जांच कर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि हापुड़ के धौलाना में भी भीषण विस्फोट हुआ था, वहां पर भी ऐसी ही विस्फोटक सामग्री मिली थी।

# पुलिस ने चार अंतरराज्यीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

नेहा श्रीवास





झाँसी - जिले की बबीना थाना पुलिस व स्वाट ने चेकिंग के दौरान भेल चौकी क्षेत्र में छापा मारकर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मौके से विविध स्थानों से चोरी की 12 मोटरसाइकिले बरामद की गयीं। 17 अक्टूबर को थाना बबीना पुलिस एवं स्वाट टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर महिमा ढाबा के पीछे जंगल में ठाकुर बाबा मन्दिर के पास चौकी क्षेत्र भेल में छापा मारा। इस कार्रवाई में मौके पर विनोद राजपूत निवासी सरवा चौकी बेदौरा, नीतेश व बृजेश राजपूत निवासी बैदौरा थाना बबीना झाँसी, सनी उर्फ सौरभ राजपूत निवासी आजादपुरा गडिया गाँव थाना प्रेमनगर झाँसी पकड़े गए। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से विविध स्थानों से उड़ाई गई 12 मोटरसाइकिल बसमद की गयी। आरोपियों के विरुद्ध धारा 41 सीआरपीसी व 411/413/414 भादवि0 पंजीकृत किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद चोरी की मो0सा0 में से 1 मो0सा0 होण्डा शाइन मु0अ0स0 161/20 धारा 379 भादवि थाना नबाबाद से सम्बंधित है तथा बरामद अन्य 11 मो0सा0 आस-पास के क्षेत्रों से चोरी की गयी हैं। जिनके वाहन स्वामियों के सम्बंध में जानकारी की जा रही

# नगर के जशोदा माता बाईपास पर लगा कचडा एवं गंदगी का अंबार

## नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने दुर्गंध से जूझ रहे कचडा हटाने की मांग की



नेहा श्रीवास

झाँसी - मऊरानीपुर नगर पालिका प्रसासन के द्वारा नगर को स्वच्छ रखने के लिए हर गली कूचे में सफाई कराई जाती जिसके लिए दर्जनो सफाई कर्मी लगे हुए लेकिन नगर के कचड़े को एकत्र कर गाँधीगंज वाई पास सड़क किनारे फेक दिया जाता

जिससे निकलने बाले राहगीरों को काफी दुर्गंध आती रहती वहां क्षेत्र में रहने बाले भी काफी परेशान नजर आते इतना ही नही सब्जी विक्रेता भी खराब सड़ी सब्जी व फल उक्त सड़क पर फेंक आते इतना ही नही मरे हुए जानवर भी उक्त कचड़े में पड़े रहते जिसकी बजह से सुवह से लेकर शाम तक उस सड़क से निकलने बाले राहगीरों को तथा वहां रहने बालो को उसी बदबू में रहना पड़ता क्षेत्र वासियो ने नगर पालिका प्रसासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अन्य जगह कचड़ा डलवाने की मांग की।

# बसपा नेता अनुपम दुबे के घर में लगी आग...शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा, कल करोड़ों का होटल हुआ था ध्वस्त



फर्रुखाबाद जिले में बसपा नेता अनुपम दुबे के घर शॉर्ट सर्किट से ऊपरी तल के स्टोर और जिम के कमरे में आग लग गई। आग से छह लाख का सामान जलकर राख हो गया। परिजनों व पड़ोसियों ने आग को बुझाया। फतेहगढ़ कोतवाल और दमकल की टीम ने मौके पर जाकर घटनाक्रम का जायजा लिया। मीनाक्षी दुबे ने बताया कि आग से स्टोर में रखे रजाई गद्दे, जिम का सामान सहित अन्य कीमती चीजें जल गई। आग में लगभग छह लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बता दें कि कल माफिया घोषित बसपा नेता अनुपम दुबे के आलीशान होटल गुरुशरणम् पैलेस को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कसरट्टा निवासी बसपा नेता डॉ. अनुपम दुबे आगरा जेल में निरूद्ध हैं। पुलिस ने गैंगस्टर के मुकदमे में डीएम के आदेश पर उनके कुर्क किए गए होटल गुरूशरणम् को सोमवार को ध्वस्त कर दिया था। परिवार के लोग अभी इस सदमे से उबर नहीं पाए थे। मंगलवार दोपहर बसपा नेता के दूसरी मंजिल के स्टोर व जिम में बिजली के तार से शार्ट सर्किट होने से से आग लग गई। स्टोर में रजाई गद्दे भरे थे। कुछ देर में ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। धुआं निकलते देखकर आस पास के लोगों ने आवाज लगाई। तब तक आग जिम वाले कमरे तक पहुंच गई। सबमर्सिबल चलाकर आग को बुझाने में जुटे- बसपा नेता की पत्नी मीनाक्षी दुबे ने सूचना दमकल व पुलिस को दी। पड़ोस में रह रहे चचेरे देवर सीतू दुबे साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। सबमर्सिबल चलाकर आग को बुझाने में जुट गए। कचहरी से कई वकील भी वहां पहुंच गए। कोतवाल सचिन कुमार सिंह, सिविल लाइन चौकी इंचार्ज रक्षा सिंह मौके पर पहुंचे।

दमकल कर्मियों ने धुएं को शांत कर खानापूरी की- परिजनों व पड़ोसियों ने आग को एक घंटे की मशक्कत के बाद बुझा लिया। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन गली सकरी होने के कारण अंदर नहीं जा सकी। पाइप भी वहां नहीं पहुंच सका। दमकल कर्मियों ने सबमर्सिबल से ही आग में उठ रहे धुएं को शांत कर खानापूरी की। छह लाख रुपये का सामान जलकर राख- मीनाक्षी दुबे ने बताया कि आग से स्टोर में रखे रजाई गद्दे, जिम का सामान सहित अन्य कीमती चीजें जल गई। आग में लगभग छह लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बता दें कि कल माफिया घोषित बसपा नेता अनुपम दुबे के आलीशान होटल गुरुशरणम् पैलेस को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया।

# इंद्रप्रस्थ महोत्सव में शगुफ्ता खान को नृत्य श्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी - जनपद की बेटी ने फिर किया कमाल इंद्रप्रस्थ महोत्सव दिल्ली के लोककला मंच पर शगुफ्ता कथक नृत्य कला समिति की फाउंडर शगुफ्ता खान ने एक बार फिर अपने जनपद का नाम रोशन किया. शगुफ्ता डांस क्लासेस के नाम से जनपद में कई बच्चों को कत्थक नृत्य सिखा रही. शगुफ्ता खान ने कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किया और अपनी क्लास की बच्चियों को भी कई बड़े-बड़े प्रोग्राम में पुरस्कार पाकर जनपद का नाम रोशन किया. इसी के तहत दिल्ली में इंद्रप्रस्थ महोत्सव दिल्ली के लोक कला मंच पर शगुफ्ता खान को नृत्य श्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिस पर उनको सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड में हुआ बॉयलर पूजन का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी -मीरगंज -धामपुर बायो ऑर्गेनिक में बॉयलर पूजन का आयोजन किया गया। यजमान के रूप में मिल के यूनिट हेड संजय कुमार श्रीवास्तव एवं रवि गुप्ता जनरल मैनेजर अभियंत्रिक ने पूजन प्रारंभ किया, पुरोहित कुलदीप शर्मा ने वेदोच्चारण द्वारा भगवान का पूजन सम्पन्न कराया। पूजन के उपरांत सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वैदिक मंत्रों दके साथ यज्ञकुंड में आहुति देकर हवन कार्यक्रम सम्पन्न किया। इस दौरान अरविंद गंगवार जनरल मैनेजर मानव संसाधन एवं प्रशासन, सूमोद सिंह जनरल मैनेजर उत्पादन, जय गोपाल चावला जनरल मैनेजर लिखा, आजाद सिंह जनरल मैनेजर केन, संजय कुमार सिंह वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन, आकाश लाहिड़ी वरिष्ठ प्रबंधक मटेरियल, अवतार सिंह चीफ प्रबंधक इंजीनियरिंग, लोकेश दीक्षित वरिष्ठ प्रबंधक इंजीनियरिंग, अनिल गुप्ता चीफ प्रबंधक इलेक्ट्रिकल, संदीप मौर्या वरिष्ठ प्रबंधक एटीपी एटीपी, परमोद जोशी वरिष्ठ प्रबंधक कमर्शियल, नवीन श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाने पहुंचा 10वीं का छात्र बोला- कार सवार बदमाशों ने किया मेरा अपहरण, कूदकर बचाई जान; पुलिस हैरान



बदायूं के मुजरिया क्षेत्र में एक छात्र ने अपने अपहरण की कहानी बता सनसनी फैला दी। उसका कहना था कि कार सवारों ने उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया था। उसने शीशा तोड़कर खुद बचाया। हालांकि पुलिस को प्रारंभिक जांच में अपहरण का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। बदायूं के मुजरिया क्षेत्र में देवनागरी इंटर कॉलेज का 10वीं का छात्र केशव पालीवाल मंगलवार दोपहर को मुजरिया थाने पहुंचा। उसने पुलिस को अपने अपहरण की बात बताई। कहा, कॉलेज जाते समय रास्ते से कार सवार बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया था। वह किसी तरह कूदकर भाग आया। पुलिस को प्रारंभिक जांच में अपहरण का कोई साक्ष्य नहीं मिला है।छात्र केशव ( 16 ) अलापुर निवासी राजू पालीवाल का बेटा है। वह पंजाबी कॉलोनी निवासी मामा गौरव के घर रहकर पढ़ाई करता है। केशव ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह वह घर से कॉलेज जाने के लिए निकला तो बिल्सी रोड पर लालमन की पुलिया के पास कार सवार बदमाशों ने उसके मुंह पर रूमाल रखा और फिर कार में डाल लिया।केशव के मुताबिक, कार में बदमाशों के अलावा दो-तीन छात्र और थे, लेकिन वह किसी को पहचान नहीं पाया। उसने पुलिस को यह भी बताया कि मुजरिया गांव के पास कार सवार बदमाश टॉयलेट करने के लिए नीचे उतरे तो वह खिड़की का शीशा तोड़कर भाग निकला। इसके बाद थाने पहुंचा है।

### कई दिनों से कॉलेज नहीं जा रहा था छात्र

पुलिस केशव को साथ लेकर उसके बताए स्थान पर पहुंची। उसके मामा गौरव को भी फोन करके बुला लिया गया। मुजरिया थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने बताया कि अभी तक जांच में केशव के अपहरण से जुड़ा कोई सुराग नहीं मिला है। वह सभी बातें एक जैसी नहीं बता पाया है। केशव को पूछताछ के बाद उसके मामा गौरव के हवाले कर दिया गया है। इधर, कॉलेज के डायरेक्टर संकेत मोहन शर्मा ने बताया कि केशव कई दिनों से कॉलेज नहीं आ रहा है।

# सपा ने मध्य प्रदेश में जारी किया घोषणा पत्र, जातीय जनगणना के साथ पीडीए पर खेला दांव



सपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करते हुए सत्ता में आने पर जातीय जनगणना कराने के साथ ही पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया है।

समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मंगलवार को घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सपा ने सरकार बनने पर जातीय जनगणना कराने सहित पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने का वादा किया है।सपा ने पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही है और कहा कि जनता को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी दी जाएगी।सपा ने यूपी की तरह मध्य प्रदेश में भी मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित करने का वादा किया है और महिलाओं को समाजवादी पेंशन देने का एलान किया है। सरकारी कर्मचारियों को साधने ने लिए पार्टी ने पुरानी पेंशन के वादे को घोषणापत्र में शामिल किया है। वहीं, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया है। सपा ने वादा किया है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ होने पर जनता में समाजवादी मूल्यों व सिद्धांतों को बढ़ावा देगी और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा के साथ ही युवाओं को रोजगार मुहैया करवाएगी। अखिलेश यादव ने जनता से वोट करने की अपील की है।

# विधायक पर लगे किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में फिर टला फैसला, अब 20 को सुनवाई



एडीजे प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत में सुनवाई पूरी होने के बाद 12 अक्तूबर को ही फैसला सुनाया जाना था। ऐन वक्त पर विधायक की ओर से जिजा जज के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर न्याय न मिलने की आशंका जताते हुए कोर्ट बदलने की अपील की गई थी।दुद्धी के भाजपा विधायक रामदुलार गोंड पर लगे किशोरी से दुष्कर्म के आरोपों पर मंगलवार को भी फैसला नहीं आ सका। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद एडीजे प्रथम खलीकुज्जमा ने मामले में सुनवाई के लिए 20 नवंबर की अगली तारीख नियत की है। इस तारीख पर फिर से बहस होगी। इसके बाद कोई निर्णय हो पाएगा। फैसला टलने के बाद विधायक खेमे ने राहत महसूस की है। उधर, पीड़ित पक्ष ने जानबूझकर फैसले का विलंबित कराए जाने का विधायक पर आरोप लगाया है। एडीजे प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत में सुनवाई पूरी होने के बाद 12 अक्तूबर को ही फैसला सुनाया जाना था। ऐन वक्त पर विधायक की ओर से जिजा जज के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर न्याय न मिलने की आशंका जताते हुए कोर्ट बदलने की अपील की गई थी। प्रार्थना पत्र लंबित होने के कारण कोर्ट ने फैसले को 17 अक्तूबर तक के लिए टाल दिया था। जिला जज ने विधायक की अपील को इस तर्क के साथ खारिज कर दिया था

कि जिले में एमपी-एमएलए से जुड़े मामलों की सुनवाई का अधिकार सिर्फ एक ही कोर्ट को मिला है, लिहाजा दूसरे कोर्ट में मुकदमे को नहीं ट्रांसफर किया जा सकता। मंगलवार को फिर से फैसले के लिए फाइल प्रस्तुत की गई। संभावना जताई जा रही थी कि दोपहर बाद मामले में महत्वपूर्ण निर्णय आ सकता है। सुनवाई के लिए दोपहर बाद करीब ढाई बजे विधायक भी न्यायालय परिसर स्थित अपने अधिवक्ता के कक्ष में पहुंच गए थे। वहां से करीब साढ़े तीन बजे विधायक बाहर आए और न्यायालय की ओर बढ़े। आधे रास्ते तक पहुंचने के बाद वापस लौट गए। फिर साढ़े चार बजे दोबारा न्यायालय पहुंचे और दस्तखत बनाकर बाहर निकल गए। अभियोजन के मुताबिक मामले में अब 20 नवंबर को सुनवाई होगी। जिला जज की ओर से अपील खारिज होने के बाद विधायक ने हाईकोर्ट में सोनभद्र के प्रशासनिक जज के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। इस पर प्रशासनिक जज ने जिला जज से चार सप्ताह के भीतर आख्या उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। इस आधार पर न्यायोचित दृष्टिकोण के मद्देनजर नई तारीख को चार सप्ताह बाद 20 नवंबर को बहस के लिए नियत किया है। नई तारीख मिलने के बाद कोर्ट से बाहर निकले पीड़िता के भाई ने आरोप लगाया कि जानबूझकर फैसला टालने के लिए तरह-तरह के प्रपंच किए जा रहे हैं, लेकिन उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है।




# त्यौंथर विधानसभा के दक्षिणी क्षेत्र ग्राम पंचायत घूमा मे आदिवासी समाज मे जंगली जानवर तेंदुए के प्रहार से घायल हुए छोटू अदिवासी एवं बविता अदिवासी



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के दक्षिणी क्षेत्र ग्राम पंचायत घुमा में आदिवासी समाज में जंगली जानवर तेंदुआ का प्रहार घायल हुए छोटू आदिवासी एवं बबीता आदिवासी से मुलाक़ात करने पहुंचे कमांडो सेना प्रमुख कमांडो अरुण गौतम जी दोनो घायलों का ईलाज करवाने की लिए संपूर्ण जिम्मेदारी के साथ ईलाज का उठाएंगे पूरा खर्च समाजसेवी इस तरह होना चाहिए

जिस तरह कमांडो अरुण गौतम जी परंतु त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में तो सिर्फ सभी नेता अपनी जेब भरने में लगे हैं बाकी गरीब जनता के लिए कोई नहीं है चाहे कोई भी विधायक हो चाहे कोई सांसद हो त्योंथर की जनता एक बार कमांडो अरुण गौतम को त्योंथर विधानसभा का विधायक बनना चाहती है हो सकता ह

ै कि अगर किसी पार्टी में शामिल हुए तो ठीक है नहीं तो वह निर्दलीय प्रत्यासी हो सकते हैं क्योंकि आज वह 2 वर्ष से जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं इसलिए क्षेत्र की जनता एक बार उनको विधायक बनना चाहती है जिस तरह हो जनता की सेवा करते हैं उसे तरह ना तो हमारे यहां के विधायक काम करते हैं ना ही हमारे यहां की संसद ना ही यह जितने भी पदाधिकारी नेता है चाहे वह किसी भी पार्टी के हो जो कुछ कर दिखाए हैं कमांडो और उनको तुम वह आज तक कोई नेता नहीं कर सका कमांडो अरुण गौतम का क्षेत्र में एक अलग सम्मान है और एक अलग जुनून है एक जनता के प्रति एक अलग प्रेम है इसका फल कमांडो गौतम को जरूर मिलेगा और वह त्योंथर के विधायक बनेंगे या जनता की प्रेम है

# Whenever you feel sad and lonely, do this work, every tension will go away.

Worry is like a funeral pyre. This means that whatever type of stress it is, it makes you not only mentally but also physically weak. One of the biggest reasons for increasing stress and tension among youngsters and senior citizens is loneliness. How you can overcome this loneliness and stay happy, know here. Loneliness can become a cause of stress. From youngsters to senior citizens, it is becoming its victim. Effective tips to get rid of loneliness. It is normal to feel depressed and lonely sometimes, but when it continues for several days and weeks, then it can be harmful for mental health. Can be dangerous. To overcome this situation, it is important to pay attention to some things. There is definitely some person in everyone's life with whom communication gives special comfort, so whenever you feel lonely, talk to them. Share your problems with them, your mind will get peace.



- We all have such a treasure of pleasant memories and experiences, diving into which fills the mind with happy feelings. Therefore, whenever you feel sad or disappointed, or feel lonely, look at these. - Cultivate your hobbies. Do painting-photography, listen to music, learn new languages, play your favorite games. Watch your favorite content on YouTube. Your mind will be happy and you will also look different from others. - Dressing up fills the mind with happy feelings, so whenever loneliness bothers you too much, pamper yourself. Brush your hair with a new style. Wear your favorite clothes. - Books are best friends. Make a habit of reading these. This will give you strength to fight loneliness. - Laughter removes stress and fills you with positive energy. Therefore, keep laughing yourself and make the people around you laugh by telling funny stories and jokes. - Make friends with pets. They will never let you feel lonely. Spend time with children. Their funny talks and smiling faces will drive away sadness. - Be a part of group activities. Join any club or organization. Your friends will also increase with your knowledge. - Everyone's life is different, so don't compare yourself with anyone. By doing this the mind may become more disturbed. - Talk to yourself sometimes. Consider your strengths and achievements. This provides positivity. Stress also reduces. - Keep changing your targets after some time. Also try to get them. While chasing our dreams, many times we do not get time to think about anything else. This also removes loneliness.

# If you want to detox your body naturally, then adopt these food items today itself.

Just as we clean our body from outside so that there is no disease and we look good, similarly our body also needs to be cleaned from inside from time to time. With this, our body organs are able to function better. Know which are the food items that can help in detoxifying your body. Due to our lifestyle, toxins start accumulating in our body. It is necessary to remove them for proper functioning of the body. Know with the help of which food items the body can be detoxified. Due to outside food, pollution or chemicals, toxins start accumulating in your body, which need to be removed. Our liver, kidneys, skin and lungs are always working to remove toxins from the body. Some food items can help you in this detoxification process. Let us know which are those food items, which are beneficial for your body detoxification. Many antioxidants are found in beetroot, which are beneficial for your health. Because of this, it is also very beneficial for the liver. It also works as a natural blood cleanser. Nitric acid is found in it, which helps in cleansing the toxins of the blood. You can drink its juice, which detoxifies your body. Due to the anti-bacterial properties of turmeric, it has been used for many years. Curcumin is found in it, which helps in detoxifying the liver. It also protects you from free radical damage. Therefore, you can include turmeric in your diet, which is helpful for detoxification of your body. Lemon: Lemon contains Vitamin C. Along with this, it is also very beneficial in digestion process. Antioxidants are also found in it, which helps in strengthening the immune system. You can also drink it by mixing it in water. This helps in detoxifying the body. Coriander: Coriander is not only used to garnish your food but it is also beneficial in reducing cholesterol and digestion. Along with this, it also helps in removing heavy metals from your body. Therefore, eating it detoxifies your body. Garlic has a very high sulfur content, which helps the liver in eliminating toxins. Along with this, it is also very beneficial for hair. Therefore, by including garlic in your diet, you can detox your body.



# Risk of Vitamin A deficiency is higher in women, eyesight may go away

Our body requires a nutritious diet to keep it healthy and functioning optimally. Nutritious diet provides essential vitamins and minerals to the body. Vitamin A is one of the nutrients our body needs. Vitamin A is essential for keeping the eyes healthy as well as the immune system, reproduction and skin healthy. Are there things containing Vitamin A in your diet? Vitamin A is a fat soluble nutrient and can be easily obtained through diet. People who are deficient in this vitamin are at risk for problems including vision problems, difficulty conceiving, dry and inflamed skin, and chest infections. Let us know why it is important to include Vitamin A in the diet and how it can be obtained through diet. Risk of Vitamin A deficiency in women Our body produces red, green, yellow and orange fruits. -Converts carotenoids present in vegetables into vitamin A. For this, things rich in Vitamin A can also be included in the diet. If you do not consume nutritious food, it can cause Vitamin A deficiency. Cases of deficiency of this vitamin are seen more in pregnant women, lactating mothers, infants and children. Conditions like cystic fibrosis and chronic diarrhea can also increase the risk of its deficiency. These vitamins are important for the eyes. Vitamin A is important for your vision. Your eyes make specific pigments to keep the retina functioning properly. Vitamin A deficiency hinders your eyes' ability to produce these pigments, putting you at risk of night blindness. In other words, you need vitamin A for the ability to see at night. Apart from this, Vitamin A is also required to produce moisture in the eyes, so that your cornea can be kept properly lubricated. What is the problem with Vitamin A deficiency? Vitamin A deficiency can lead to many health complications. Its most common side effect is seen in the form of eye problems. Vitamin A is an important factor in many functions of your eyes, hence due to its deficiency you may have problem of not seeing clearly or blindness. Apart from the eyes, it can also cause dry, flaky and itchy skin. Due to deficiency of Vitamin A, there is a risk of problems related to growth and development in children. What things should be consumed for Vitamin A? The best way to avoid Vitamin A deficiency is to eat a healthy diet. Vitamin A requirements can be easily met by including some things in the daily diet. For this, consumption of green vegetables like leafy vegetables and broccoli, orange and yellow vegetables like carrots, pumpkin, sweet potatoes is beneficial. Fruits like orange, mango, melon and papaya and whole grains are also rich in vitamin A.




# Easy ways to increase immunity in winter season, will keep you away from cough, cold and headache

Light cold winds start blowing from the month of October. Some coolness is being felt in the weather. Due to the changing weather between the end of summer and monsoon and the arrival of cold, the risk of many diseases increases. Many infectious diseases can occur in winter including cold, flu, cough, bronchitis and asthma. In such a situation, special caution is needed in this season. Seasonal diseases start troubling those with weak immunity first. In such a situation, preparations can be made in advance to avoid diseases occurring in winter by strengthening the immunity. To avoid flu, infection and cough and cold, your immunity should be strengthened. In this article, ways to strengthen immunity are being explained to stay away from health problems occurring in winter. There can be many ways to strengthen immunity (immune system) in winter. Get enough sleep. Not getting enough sleep at night leads to physical as well as mental fatigue. This fatigue also causes stress. The immunity of a physically and mentally tired person does not function properly and the disease can attack. In such a situation, take complete sleep so that the immune system can be strengthened. Yoga and Meditation: To reduce stress and fatigue as well as to improve immunity, include yoga and meditation in your lifestyle. Regular practice of yoga asanas increases physical and mental activity and reduces fatigue, thereby reducing stress and strengthening immunity. Along with important eating habits, exercise also strengthens the body's immunity. People often reduce physical activity in winter. Due to this, metabolism slows down. To avoid this, one must exercise every day. Exercise maintains metabolism and improves immunity. Right diet and water: People reduce the amount of water in winter. Due to not getting as much water as the body needs, electrolyte balance gets disturbed and immunity becomes weak. To avoid this problem, drink enough water every day. Consuming a nutrition-rich diet can strengthen the immune system. A nutritious diet rich in fruits, vegetables, pulses, grains, proteins and vitamins C and D improves the immune system. To strengthen immunity, regularly consume Ayurvedic herbs with medicinal properties. For example, regular consumption of Ashwagandha, turmeric and basil leaves provides internal strength to the body to fight diseases.

